**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया सिंगल यूज़ प्लास्टिक जागरूकता कार्यक्रम

वर्धा, 29 सितंबर 2023: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के उपलक्ष्य मे सिंगल यूज़ प्लास्टिक जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम

की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लेल्ला कारूण्यकरा ने की। विद्यार्थीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत की पहल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। मुख्य वक्ता के रूप मे प्रो. बंशीधर पाण्डेय, निदेशक वर्धा समाज कार्य संस्थान ने अपनी बात रखते हुए प्लास्टिक उपयोग और उसके घातक परिणामों पर शोधपरक विमर्श किया और स्वयंसेवकों को उनकी जिम्मेदारी की महत्ता का एहसास कराया। कार्यक्रम का प्रास्ताविक और विषय प्रवर्तन करते हुए रा. से. यो. समन्वयक, सह-आचार्य वर्धा समाज कार्य संस्थान डॉ. के. बालराजु ने प्लास्टिक के दुष्परिणाम और भविष्य की चुनौतियों की ओर स्वयंसेवकों का ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम का संचालन रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी, समाज कार्य संस्थान के सहायक आचार्य डॉ. शिवसिंह बघेल, ने किया और डॉ. गजानन एस. निलामे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो. प्रीति सागर, प्रो. जनार्दन तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे तथा अन्य विभागों के शिक्षकों सहित रा.से.यो. स्वयंसेवक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डॉ. शिवाजी जोगदंड, डॉ. ज्योति कुमारी, वैष्णवी राऊत, शितल पाचे और वर्षा शेंडे ने सहयोग किया।

---

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

मोबाइल/Mobile : 9960562305